केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)

**सीबीएसई /निदे.( कौ.शि.और प्र.)/डीएस/2022** **दिनांक: 28.02.2022**
**परिपत्र संख्या: शैक्ष -43/2022**

सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूलों के प्रमुख

**विषय: युविका - युवा विज्ञान कार्यक्रम (युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम)**

प्रिय प्रधानाचार्य,

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) "युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम" "युवा विज्ञान कार्यक्रम", युविका - 2022 का आयोजन कर रहा है, जो स्कूली बच्चों विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र से सम्बन्ध रखने वाले बच्चों को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष विज्ञान और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों पर बुनियादी ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया एक विशेष कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है-

- युवाओं में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उभरते रुझानों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना।
- अधिक से अधिक छात्रों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित आधारित अनुसंधान/कैरियर में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना।

**कार्यक्रम के प्रमुख बिंदु -**

- यह लगभग दो सप्ताह (16-28 मई, 2022) का आवासीय कार्यक्रम है।
- इस कार्यक्रम का लक्ष्य देश भर से 150 छात्रों का चयन करना है, जो भारत के किसी भी क्षेत्र में स्थित स्कूल में 01 मार्च, 2022 तक कक्षा IX में पढ़ रहे हैं।
- कार्यक्रम में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे-
  -आमंत्रित वार्ता
  -प्रख्यात वैज्ञानिकों द्वारा अनुभव साझा करना
  -प्रायोगिक प्रदर्शन
  -प्रयोगशाला का दौरा
  -विशेषज्ञों के साथ चर्चा के लिए विशेष सत्र
  -व्यावहारिक और प्रतिक्रिया सत्र
- कार्यक्रम योजना इसरो के तिरुवनंतपुरम, बेंगलुरु, अहमदाबाद, हैदराबाद और शिलांग के पांच केंद्रों पर है।
- छात्रों को परियोजना के अंत में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा ले जाया जाएगा।
- छात्रों के रहने-खाने, पाठ्यक्रम सामग्री आदि का खर्च इसरो द्वारा वहन किया जाएगा।
- कार्यक्रम के लिए पंजीकरण10 मार्च, 2022 से इसरो वेब पोर्टल पर शुरू हो गया है और 10 अप्रैल, 2022 को सायं 4.00 बजे तक रहेगा ।

'शिक्षा सदन' ,17 राऊज़ एवेन्यू ,इंस्टीटूशनल एरिया, नई दिल्ली –110002
'Shiksha Sadan', 17, Rouse Avenue, Institutional Area, New Delhi – 110002
फ़ोन/Telephone: 011-23212603 वेबसाइट/Website :http://cbseacademic.nic.inई-मेल/e-mail: directoracad.cbse@nic.in.

**चयन मानदंड** - प्रतिभागियों का चयन निम्न आधार पर होगा-

- आठवीं कक्षा की परीक्षा में प्राप्त अंक।
- पिछले तीन वर्षों में विज्ञान मेले (स्कूल/जिला/राज्य और स्कूल/जिला/राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा आयोजित उच्च स्तर) में भागीदारी।
- पिछले तीन वर्षों में ओलंपियाड / विज्ञान प्रतियोगिताओं में पुरस्कार और समकक्ष (पिछले 3 वर्षों में स्कूल / जिला / राज्य और ऊपर के स्तर पर 1 से 3 रैंक)।
- पिछले तीन वर्षों में स्कूल/सरकार/संस्थानों/पंजीकृत खेल संघ (स्कूल/जिला/राज्य और ऊपर के स्तर पर पिछले 3 वर्षों में 1 से 3 रैंक) द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के विजेता।
- ऑनलाइन गेम के विजेताओं पर विचार नहीं किया जाएगा।
- पिछले तीन वर्षों में स्काउट और गाइड / एनसीसी / एनएसएस / की सदस्यता।
- ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में प्रदर्शन।
- पंचायत क्षेत्र में स्थित स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को विशेष वेटेज दिया जाएगा।

सभी संबद्ध स्कूलों के प्रधानाचार्यों से अनुरोध है कि वे अपने स्कूल के छात्रों के मध्य इस कार्यक्रम से सम्बंधित सूचना को अधिक से अधिक प्रसारित करें और उन्हें इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

**अधिक जानकारी/फीडबैक के लिए, स्कूल skedu_ap1@cbseshiksha.in पर ईमेल लिख सकते हैं।**

Biswajit Saha
***(डॉ बिस्वजीत साहा)***
**निदेशक (कौशल शिक्षा और प्रशिक्षण)**

**अपने अधिकार क्षेत्र के सभी स्कूलों को सूचना प्रसारित करने के अनुरोध के साथ नीचे दिए गए अनुसार निदेशालय, संगठनों और संस्थानों के संबंधित प्रमुखों को प्रतिलिपि:**

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, दिल्ली - 110016
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, संस्थागत क्षेत्र, नोएडा - 201309
3. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली - 110054
4. सार्वजनिक निर्देश निदेशक (स्कूल), संघ शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़ - 160017
5. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम - 737101
6. स्कूल शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर - 791111
7. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर - 744101
8. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन, ईएसएसएसएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर 3, रोहिणी।
9. सचिव, सैनिक स्कूल सोसायटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
10. सेना शिक्षा के अतिरिक्त महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली - 110001
11. सचिव एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी, बिल्डिंग नंबर 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट - 110010
12. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार
13. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, पीओ सैनिक स्कूल नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
14. अध्यक्ष, सीबीएसई के उप सचिव - अध्यक्ष, सीबीएसई की जानकारी के लिए
15. बोर्ड के सभी विभागाध्यक्ष
16. सभी क्षेत्रीय निदेशकों/क्षेत्रीय अधिकारियों/प्रमुख-उत्कृष्टता केंद्र, सीबीएसई इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को बोर्ड के सभी संबद्ध स्कूलों के प्रमुखों को उनके संबंधित क्षेत्रों में अनुपालन के लिए भेजें।
17. प्रमुख (मीडिया और जनसंपर्क), सीबीएसई
18. सहायक सचिव (आईटी), सीबीएसई, राउज एवेन्यू इस अनुरोध के साथ कि इस अधिसूचना को सीबीएसई शैक्षणिक वेबसाइट पर अपलोड करें
19. प्रभारी, हिंदी प्रकोष्ठ, सीबीएसई मुख्यालय - इस अधिसूचना के हिंदी अनुवाद के लिए

**निदेशक (कौशल शिक्षा और प्रशिक्षण)**